क्रिकेट | जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ की अंतर जिला सीनियर टी-20 प्रतियोगिता

# बालाघाट की शानदार जीत, पियूष का तूफानी शतक

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर बालक वर्ग टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को खेले गए मुकाबले में बालाघाट ने सिवनी को 70 रनों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बालाघाट ने 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज पियूष निवारे ने 55 गेंदों में नाबाद 102 रन ठोकते हुए पारी में 10 चौके और 5 छक्के जड़े। राहुल शर्मा ने भी 29 गेंदों में नाबाद 51 रन (2 चौके, 3 छक्के) बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। सिवनी की ओर से अभिषेक सेन और सार्थक जैन ने एक-एक विकेट लिया।



## सिवनी टीम 131 रन पर सिमटी

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिवनी की टीम 18.2 ओवर में 131 रन पर सिमट गई। विरेंद्र सिंह (28), उबेद खान (26) और अकीब खान (23) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। बालाघाट की ओर से प्रतीश द्विवेदी ने 3 विकेट तथा मयंक सोनवाने, कुलदीप पटले और प्रतीक शर्मा ने 2-2 विकेट लेकर जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैच में अंपायर अमित यादव व अंकित यादव रहे, जबकि स्कोरर सचिन साहू एवं ऑब्जर्वर शांतनु त्रिपाठी (एमपीसीए) उपस्थित रहे। चयनकर्ता प्रशांत द्विवेदी और गोपाल दत्त जोशी भी मौजूद थे।

## आज जबलपुर का मुकाबला

प्रतियोगिता के अंतर्गत आज 16 फरवरी को एमपीसीए मैदान, नीमखेड़ा में बालाघाट बनाम जबलपुर तथा मंडला बनाम डिंडोरी के मध्य प्रात: 11 बजे से मुकाबले खेले जाएंगे।

### जबलपुर सीनियर टीम घोषित

प्रतियोगिता हेतु जबलपुर सीनियर टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम के कप्तान कमल त्रिपाठी होंगे। टीम में निखिल सिंह, अमनप्रीत सिंह, अजय मिश्रा, आदित्य मिश्रा, अलंकृत सिंह, पारूस मंडल, दीपक त्रिपाठी, रितेश शाकिया, यश यादव, अंबर शर्मा, मंकैस सिंह, सम्यक जैन, साहिल लोधी एवं अजिंक्य मूले शामिल हैं। अतिरिक्त खिलाड़ियों में सूरज महाराज, आदित्य बर्मन, मोहित शुक्ला और अमित राजपूत को स्थान दिया गया है।






# कला और संवाद से दिया जागरूकता का संदेश

- भिक्षा-मुक्त जबलपुर अभियान के अंतर्गत विशेष नागरिक-नेतृत्व कार्यक्रम

**नवभारत,जबलपुर।** शहर को संवेदनशील और जिम्मेदार दिशा देने के उद्देश्य से 'भिक्षा-मुक्त जबलपुर' अभियान के अंतर्गत एक विशेष नागरिक-नेतृत्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कला, संवाद और सामूहिक चिंतन के माध्यम से भिक्षावृत्ति उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। युवाओं और बच्चों ने कला के माध्यम से सम्मानपूर्ण और गरिमामय जीवन वाले जबलपुर की कल्पना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने शहर को भिक्षावृत्ति-मुक्त बनाने के लिए निरंतर सहयोग और सहभागिता का संकल्प लिया।

### समाज में सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर बल

इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक व्यक्तित्व लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रसिद्ध कलाकार विनय अम्बर, राजेन्द्र, मोहन, डीन पामकुडिया सहित प्रोजेक्ट फ्लैशलाइट्स, इत्यादि फाउंडेशन और अन्य सामाजिक संस्थाओं के स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजकों ने इसे एक सतत नागरिक आंदोलन की शुरुआत बताते हुए समाज में संवेदनशील संवाद और सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

# रामायण राजदूतों का होगा श्रीलंका भ्रमण, 100 श्रद्धालुओं का दल जाएगा अयोध्या

- वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की आकलन बैठक संपन्न



**नवभरत, जबलपुर।** भारतीय संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों के वैश्विक प्रसार के उद्देश्य से आयोजित चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की आकलन बैठक गोपाल सदन, गोपाल बाग में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य की योजनाओं एवं आगामी आयोजनों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में डॉ. रविंद्र वाजपेई, जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नु' तथा आयोजन अध्यक्ष अजय बिश्नोई ने सम्मेलन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी पदाधिकारियों, सहयोगियों एवं वॉलेंटियर्स का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन न केवल जबलपुर, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय बना है। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नु' ने सुझाव दिया कि भविष्य में वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन और अधिक व्यापक स्तर पर गीता भवन, जबलपुर में किया जाए, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु एवं विद्वान इसमें सहभागिता कर सकें। वहीं डॉ. रविंद्र वाजपेई ने आयोजन को और अधिक भव्य स्वरूप देने हेतु समाज के प्रबुद्धजनों से आर्थिक सहयोग प्राप्त करने पर जोर दिया। आयोजन सचिव डॉ. अखिलेश गुमाश्ता ने सम्मेलन में विशेष योगदान देने वाले शरद तिवारी, ऋषभ नामदेव, क्षितिज, राजेश विश्वकर्मा, सानू खान, होटल सत्य अशोका से श्री कमल ग्रोवर, अस्मिता मलैया, ईरा दीक्षित सहित प्रदर्शनी प्रभारी शैलेश सुल्लेरे एवं उनके विद्यार्थियों को उत्कृष्ट पेंटिंग्स एवं योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचम वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस वर्ष 2029 में जबलपुर में आयोजित की जाएगी। साथ ही आयोजन को और अधिक प्रभावी एवं भव्य बनाने के लिए सभी से लिखित सुझाव आमंत्रित किए गए।

## ये रहे उपस्थित

बैठक में आयोजन उपाध्यक्ष पं. अशोक मनोध्याय, श्रीमती अलका बिश्नोई, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, डॉ. पंकज गौर, एडवोकेट रवी रंजन, रामजी अग्रवाल, विनोद दुबे, अनीता दुबे, रमाशंकर कटारे, पवित्र मिश्रा, लोकराम कोरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सहयोगी एवं वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।

### पांच प्रतिभाशाली विजेता करेंगे श्रीलंका की यात्रा

आयोजन अध्यक्ष अजय बिश्नोई ने घोषणा करते हुए बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कॉलेज स्तर पर रामायण प्रश्नोत्तरी के पांच प्रतिभाशाली विजेताओं—आकृति मिश्रा (अनूपपुर), दीपक मेहरा (जबलपुर), गौरव राठौर (भिंड), मानव गुप्ता (जबलपुर) एवं तन्मय पटेल (जबलपुर)—को 'रामायण राजदूत' के रूप में जून 2026 में श्रीलंका की पवित्र स्थलों की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक यात्रा कराई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को रामायण से जुड़े अंतरराष्ट्रीय स्थलों से परिचित कराना है। इसके साथ ही आयोजन समिति द्वारा मार्च 2026 में 100 श्रद्धालुओं के एक विशेष दल को प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या धाम के दर्शन हेतु ले जाने की घोषणा भी की गई, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होगा।



## अवैध निर्माणों पर एमपी ट्रांसको का प्रदेशव्यापी अभियान

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित कॉरिडोर में किए गए अवैध एवं घातक निर्माणों को हटा कर नागरिक जीवन सुरक्षित करने के अपने विशेष अभियान के क्रम में छतरपुर की 132 केवी छतरपुर-बिजावर एवं छतरपुर-नौगांव लाइनों के 27 मीटर सुरक्षा क्षेत्र के भीतर किए गए अवैध निर्माणों को हटवाने की कार्यवाही की। मुख्य अभियंता डी.के. अग्रवाल ने बताया कि संबंधित व्यक्तियों को पूर्व में नोटिस देकर आगाह किया गया था, परंतु निर्माण नहीं हटाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसका उद्देश्य संभावित विद्युत दुर्घटनाओं से जन-सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में चरणबद्ध रूप से चलाया जा रहा है। नागरिकों से अपील की गई है कि ट्रांसमिशन लाइनों के निर्धारित सुरक्षा कॉरिडोर में निर्माण न करें और नियमों का पालन करें।

# उच्च न्यायालय में आज से बदलेगी मेंशनिंग व्यवस्था

- अब ई-मेंशनिंग से स्वीकार होंगे डीबी के मेमो



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में मुकदमों की जल्द सुनवाई के लिए दी जाने वाली मेंशनिंग की व्यवस्था आज सोमवार यानि 16 फरवरी से पूरी तरह बदलने जा रही है। उच्च न्यायालय प्रशासन द्वारा जारी नए निर्देशों के तहत अब डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच के लिए अलग-अलग नियम लागू होंगे। यह आदेश रजिस्ट्रार वंदना मेहता द्वारा जारी किया गया है, जो आज से प्रभावशील होगा।

## नई व्यवस्था में हुए बदलाव

**डिवीजन बेंच के लिए :** प्रशासनिक न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच-2 में अब केवल ई-मेंशनिंग के जरिए ही मेंशन मेमो स्वीकार किए जाएंगे। फिजिकल मेमो अब मान्य नहीं होंगे।

**सिंगल बेंच के लिए:** सिंगल बेंच से संबंधित मामलों के लिए मेंशन मेमो अब ड्रॉप बॉक्स के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

**तारीख का निर्धारण:** कंप्यूटर द्वारा जो अगली तारीख जनरेट होगी, उसे ही न्यायालय द्वारा निर्धारित तारीख माना जाएगा।

**अत्यधिक जरूरी मामले:** यदि किसी पक्ष को कंप्यूटर द्वारा दी गई तारीख से पहले सुनवाई चाहिए, तो उन्हें मेंशन मेमो में एक्सट्रीम अर्जेंसी यानी अत्यधिक जरूरी का ठोस कारण बताना होगा। पर्याप्त आधार होने पर ही उसी दिन या अगले दिन लिस्टिंग की अनुमति मिलेगी।

**अनावश्यक मेंशनिंग पर रोक:** उच्च न्यायालय प्रशासन का यह फैसला अनावश्यक और बिना वजह की जाने वाली मेंशनिंग को रोकने के लिए लिया गया है, ताकि गंभीर मामलों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

## गुंजन गीत माला आज

**नवभारत,जबलपुर।** मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के मनभावन गीतों पर आधारित गुंजन गीत माला का आयोजन संध्या जैन के संयोजन एवं अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा के आतिथ्य में आज शाम 6.30 बजे से दत्त मंदिर, गोलबाजार में आयोजित है ।

## सैम सीनियर क्लब का शिवमय कार्यक्रम आज

**नवभारत जबलपुर।** सैम सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर आज 16 फरवरी को साउथ एवेन्यू मॉल में शाम 4 बजे शिवमय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। संयोजक जादूगर एस के निगम, जसवीर चोपड़ा, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, चंदन शर्मा ने सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# रेलवन ऐप होगा लॉन्च, यूटीएस टिकट से मिलेगी ज़्यादा सुविधा

**ट्रेनों के स्टेटस सहित प्लेटफार्म एवं अन्य जानकारी कराएगा उपलब्ध**

**नवभारत, जबलपुर ।** रेलवे में हर वक्त अपग्रेडेशन और कई बदलाव होते रहते हैं पहले के मुकाबले अब ट्रेन की टिकट को बुक करना काफी आसान हो चुका है अब टिकट बुकिंग के लिए घंटों तक लाइन में खड़े रहने की जरूरत नहीं है बल्कि, ऐसे कई ऐप्स हैं, जिनसे आप टिकट बुक कर सकते हैं लेकिन, अब भारतीय रेलवे लंबे समय से टिकट बुकिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले यूटीएस टिकट ऐप को बंद करने जा रहा है यह टिकट ऐप रोजाना लाखों लोगों द्वारा इस्तेमाल की जा रही है इस ऐप से आपको घंटों तक लाइन में लगकर टिकट बुकिंग लिए खड़े नहीं रहना पड़ता है अब रेलवे इस ऐप को बंद करके एक अन्य ऐप को यात्रियों की सुविधा के लिए लॉन्च करेगी।

## रहेंगे सारे फीचर्स

माना जा रहा है कि रेलवे की यह नई ऐप पुरानी ऐप से और भी ज्यादा दमदार होने वाली है इसमें सभी जरूरी फीचर्स मिल सकेंगे इस ऐप के जरिए न केवल ट्रेन की टिकट बुक कर सकेंगे, बल्कि ट्रेन में होने वाली देरी, उसका रनिंग स्टेटस और अन्य चीजें भी आसानी से ट्रैक कर पाएंगे इससे आप ट्रेन के आने-जाने का समय देखने के साथ ही ट्रेन कौन से प्लैटफॉर्म पर आएगी इसका भी पता लगा पाएंगे।

### सरलता से मिलती थी टिकट

यूटीएस टिकट ऐप लाखों लोगों द्वारा रोजाना इस्तेमाल की जाने वाली एक टिकट बुकिंग ऐप थी इस ऐप के जरिए लोग प्लेटफॉर्म टिकट, जनरल टिकट और अन्य अनारक्षित टिकटें लेते रहे हैं इस ऐप के जरिए बड़ी ही सरलता के साथ आप इन सभी टिकटों की बुकिंग कर सकते हैं। लेकिन अब ये ऐप को एक मार्च से बंद कर दिया जाएगा इस दिन से इसकी सभी सेवाएं बाधित कर दी जाने की बात कही जा रही है। सूत्रो के मुताबिक भारतीय रेलवे अपनी टिकट बुकिंग ऐप को बंद करके रेलवन ऐप को आधिकारिक तौर पर लॉन्च करने की तैयारी में है रेलवे द्वारा यात्रियों को अब ये ऐप डाउनलोड करके इसपर शिफ्ट होने के लिए कहा जा रहा है माना जा रहा है कि टिकट बुकिंग के साथ-साथ ट्रेन सर्विस और रेल से जुड़ी अन्य सेवाओं का लाभ इस ऐप के जरिए भी उठाया जा सकता है ।

आयोजन | चेलना संभागीय अधिवेशन में शाखाओं को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

# महिलाओं का उत्सव और समाज सेवा का समागम





**नवभारत,जबलपुर।** पिसनहारी मढिया में रविवार का दृश्य बिल्कुल उत्सवपूर्ण था। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद के चेलना संभागीय अधिवेशन में हर तरफ ऊर्जा और उमंग का माहौल था। प्रवेश द्वार पर रंग-बिरंगी सजावट, मंच पर ध्वजारोहण करते एडवोकेट राकेश जैन और चंद कुमार सिंघई, और चारों ओर मुस्कुराती महिलाओं की भीड़ - यह सब मिलकर कार्यक्रम को जीवन्त बना रहे थे।अधिवेशन के प्रमुख अतिथि के रूप में कैलाश चंद्र जैन, अध्यक्ष दिगम्बर पंचायत सभा, और पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन मौजूद थे। वरिष्ठ महिला पदाधिकारी विमला चौधरी, डॉ. कुसुम जैन, रानी जैन, और विजय लक्ष्मी जैन ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मंच पर ध्वजारोहण की परंपरा देखते ही बनती थी, झंडा उठते ही महिलाओं के चेहरों पर उत्साह झलक उठा।

## अचार सजाओ, एल्बम सहित हुई कई प्रतियोगिताएं

अधिवेशन में अचार सजाओ, एल्बम, और स्क्रेप बुक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विजेताओं के चेहरे पर खुशी और गर्व देखते ही बनती थी।

सामाजिक सेवा के तहत दान कर दयोदय तीर्थ, तिलवारा में वाटर कूलर का उद्घाटन भी किया गया, जिससे वहां आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा मिलेगी। शाखा के वरिष्ठ पदाधिकारी जैसे अर्चना मलैया, इंदिरा, लता, संगीता सिंघई, अर्चना रजनीश, संगीता पारस, आकांक्षा, मनीषा, प्रियंका, और वर्तमान शाखा अध्यक्ष प्राची जैन, रंजना, विमला जैन, पूजा, नम्रता, छाया मोदी, सीमा ने आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था संभाली। मंच संचालन रश्मि पारस और गायिकी सीमा रूपाली ने कार्यक्रम में चार चाँद लगाए।

### विजेताओं को किया सम्मानित

अधिवेशन में अवार्ड और स्वागत सम्मान प्राची जैन, श्रीमती मोना जैन, निधि जैन, प्रियंका जैन, और शैलजा जैन द्वारा प्रदान किया गया। एल्बम और स्क्रेप बुक प्रतियोगिता के विजेताओं को संविदा कौछल, निधि जैन, संरक्षिका अर्चना मलैया, मंजू सिंघई, और नीति जैन ने सम्मानित किया। बालिका मंडल से मान्या, परख, नम्रता आदि की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में चेलना संभाग की क्वीन पुरस्कार, लकी ड्रा कूपन पुरस्कार, और सरप्राइज गिफ्ट भी वितरित किए गए।

### इनका कहना है



सभी शाखाओं की मेहनत और महिलाओं का उत्साह आंखों से देख कर दिल खुश हो गया।

**प्राची जैन**



अधिवेशन की व्यवस्थाएँ बेहद व्यवस्थित थीं। सभी वरिष्ठ सदस्य और बालिका मंडल ने इसे सफल बनाया।

**मोना जैन**



प्रतियोगिताओं में भाग लेकर महिलाओं ने कला और समर्पण दिखाया।

**काजल जैन**



सभी महिलाओं की सहभागिता ने इसे विशेष बना दिया। पुरस्कार वितरण का उत्साह देखकर गर्व हुआ।

**निधि जैन**



सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाज सेवा का मिश्रण इसे और यादगार बनाता है।

**शिल्पा जैन**



यह मंच महिलाओं को एकजुट होने और समाज में योगदान देने का अवसर देता है।

**डॉ. निधि जैन**